# नगर परिषद पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
# अंकेक्षण अवधि 4/2014 से 3/2016

## भाग–एक

**1 प्रारम्भिक**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255 की उपधारा (1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1–376/81–फिन(एल0ए0)खण्ड–IV, दिनांक 16.10.2008 द्वारा शहरी स्थानीय निकायों का अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश को सौंपे जाने के दृष्टिगत, नगर परिषद पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के अवधि 4/2014 से 3/2016 के लेखाओ का अंकेक्षण पालमपुर जिला कांगड़ा में किया गया। जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिए गए हैं।

**(ख) अंकेक्षण अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रधान (नगर परिषद) व कार्यकारी अधिकारी (नगर परिषद) के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की गई।**

**(1) प्रधान नगर परिषद**

| क्रमांक | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री बलवंत ठाकुर | 1.4.2014 से 12.1.2016 |
| 2 | श्रीमती राधा सूद | 13.1.2016 से लगातार |

**(2) कार्यकारी अधिकारी (नगर परिषद)**

| क्रमांक | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री देस राज चौधरी | 1.4.2014 से लगातार |

**(ग) गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त विवरण :–**

नगर परिषद पालमपुर के अवधि 4/2014 से 3/2016 के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण में पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है।

| क्रमांक | अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | पैरा संख्या | राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | गृहकर की राशि वसूली हेतु शेष | 6(क) | 47.04 |
| 2 | नगर परिषद की सम्पतियों से मासिक किराये की वसूली योग्य शेष राशि | 7 | 49.87 |
| 3 | जल प्रभार के रूप में वसूली हेतु शेष राशि | 8(क) | 6.25 |
| 4 | नगर परिषद के कर्मचारियों को 4:9:14 के संशोधित उच्च वेतनमान में गलत वेतन निर्धारण के फलस्वरूप अधिक भुगतान की गई राशि | 10 | 1.52 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | नगर परिषद के सेवानिवृत कर्मचारियों/पैन्शनरों को सम्भावित अधिक भुगतान की गई राशि | 11 | 2.77 |
| 6 | बहुमंजिला कार पार्किंग एवं वाणिज्य कम्पलैक्स के निर्माण में देरी के फलस्वरूप आय की सम्भावित हानि | 12 | 36.54 |
| 7 | संविदाकार को अनुचित लाभ पहुंचाने के फलस्वरूप अधिक भुगतान की गई राशि | 13 | 0.96 |
| 8 | संविदाकार को अनुचित लाभ पहुंचाने बारे | 15 | 0.13 |

## (घ) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा पुराने पैरों के निपटारे हेतु कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए थे यद्यपि वर्तमान अंकेक्षण में कुछ पैरों का निपटारा करवाया गया, तदापि अनेक अनिर्णीत पैरे पिछले लगभग 30 वर्षों से निपटारे हेतु शेष पड़े हैं, जोकि एक चिन्ता का विषय है। अतः यह मामला उच्च अधिकारियों के विशेष ध्यान में लाया जाता है तथा परामर्श दिया जाता है कि इन लम्बित पैरों के निपटारे हेतु विशेष प्रयास किए जाएं तथा की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत करवाया जाए। गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में शेष लम्बित पैरों की नवीनतम स्थिति इस प्रतिवेदन के **परिशिष्ट–"A"** पर दर्शाई गई है।

## भाग–दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षण

नगर परिषद पालमपुर के अवधि 4/2014 से 3/2016 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री विजय कुमार वालिया, (सहायक नियन्त्रक, ले0प0), द्वारा दिनांक 16.4.2016 से 18.6.2016 के दौरान पालमपुर में किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में वर्णित है, लेखाओं की विस्तृत जाँच हेतु निम्नलिखित मासों का चयन किया गया।

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2014–2015 | 8/2014 | 9/2014 |
| 2015–2016 | 3/2016 | 5/2015 |

इस अंकेक्षण प्रतिवेदन का प्रारूप कार्यकारी अधिकारी (नगर परिषद) द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एंव अंकेक्षण में प्रस्तुत अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। नगर परिषद द्वारा प्रस्तुत किसी भी प्रकार की गलत सूचना अथवा सूचना जो प्रदान नहीं की गई है, के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग जिम्मेवार नहीं है।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

नगर परिषद पालमपुर के अवधि 4/2014 से 3/2016 के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क वास्तविक कार्य दिवसों के आधार पर ₹47,000 आंका गया। इस राशि को निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला को बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भेजने हेतु, सहायक नियन्त्रक (ले0प0) की अधियाचना संख्याः Fin(LA)C/KDC/2016-17, दिनांक 13.6.2016 द्वारा कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद पालमपुर को अनुरोध किया गया है। कार्यकारी अधिकारी द्वारा बैंक अंकेक्षण शुल्क की उक्त ₹47,000 को ड्राफ्ट संख्याः 336208, दिनांक 20.7.2016 के माध्यम से प्रेषित कर दिया गया है।

## 4 वित्तीय स्थिति

**(क)** नगर परिषद पालमपुर द्वारा प्रस्तुत नगर परिषद की अंकेक्षणाधीन अवधि 4/2014 से 3/2016 की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है, जिसका विवरण **परिशिष्ट–"क"** पर भी दिया गया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **वर्ष 2014–15** | |
| प्रारम्भिक शेष | | | 2,17,03,493.13 |
| आय | (i) | Own Source | 1,03,75,799.00 |
| | (ii) | Grants | 1,04,26,871.00 |
| | (iii) | Interest | 11,99,835.00 |
| **कुल राशि** | | | **4,37,05,998.13** |
| व्यय | | | 2,68,91,685.00 |
| **अन्तिम शेष** | | | **1,68,14,313.13** |
| | | **वर्ष 2015–16** | |
| प्रारम्भिक शेष | | | 1,68,14,313.13 |
| आय | (i) | Own Source | 1,30,13,102.00 |
| | (ii) | Grants | 3,64,39,255.00 |
| | (iii) | Interest | 15,85,062.00 |
| **कुल राशि** | | | **6,78,51,732.13** |
| व्यय | | | 2,69,39,767.00 |
| **अन्तिम शेष** | | | **4,09,11,965.13** |
| | | अर्थात | **4,09,11,965.00** |

**(ख) दिनांक 31.3.2016 को बैंक में जमा राशियों का विवरण निम्न प्रकार से है।**

| Sr.No. | Name of Bank | A/c Number | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | S.B.O.P. | 55059019992 | 2,61,67,118.17 |
| 2. | S.B.I (Main) | 11034455391 | 3,28,015.63 |
| 3. | SBI (ADB) | 11358897488 | 2,09,772.66 |
| 4. | PNB(PSC) | 48001 | 3,17,478.92 |
| 5. | PNB (Main) | 0375001100000032 | 74,603.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | O.B.C. | 06152010007380 | 73,449.00 |
| 7. | O.B.C. | 06152010006188 | 16,59,014.17 |
| 8. | O.B.C. | 06152010011850 | 9,67,672.00 |
| 9. | H.G.B. | 88120100000260 | 5,55,739.00 |
| 10. | UCO | 1643 | 1,19,813.00 |
| 11. | Synidicate | 89302200004224 | 3,00,086.57 |
| 12. | I.D.B.I. | 5197 | 3,86,956.00 |
| 13. | Allahabad | 30422 | 75,171.00 |
| 14. | H.D.F.C | 7030 | 2,327.00 |
| 15. | B.O.B. | 2645 | 14,00,552.00 |
| 16. | I.C.I.C.I | 0465 | 11,66,339.00 |
| | विभिन्न बैंको का कुल योग | | 3,38,04,107.12 |
| | सावधी जमा योजना में जमा धन राशि | | 84,41,835.00 |
| | **कुल जमा राशि** | | **4,22,45,942.12** |
| | **अर्थात** | | **4,22,45,942.00** |

**(ग) बैंक समाधान विवरणी –Annexure (क)(i)**

| Sr. No. | Particulars | Debit | Credit |
|---|---|---|---|
| | Balance as per Cash Book | | 4,09,11,965.00 |
| (a) | Cheque issued but not presented for payment | | |
| | (i) Ch. No. 147525 dt. 30-3-16 | 8,531.00 | |
| | (ii) Ch. No. 000011 dt. 30-3-16 | 10,00,000.00 | |
| | (iii) Ch. No. 075977 dt. 26-3-16 | 6,082.00 | |
| | (iv) Ch. No. 075977 dt. 26-3-16 | 4,663.00 | (+) 10,19,276.00 |
| (b) | Interest credited by bank on 2/2016 but not taken in Cash Book | | (+) 28,134.00 |
| (c) | Income directly deposited into bank but not taken in cash book | | (+) 4,37,995.00 |
| (d) | Amount received on 3/2016 & entered in cash book but not deposited into bank upto 31-3-2016 | ---- | (-) 69,349.00 |
| (e) | Expenditure incurred directly from bank but not taken in cash book (Audit 1997 to 2005) | ---- | (-) 40,889.00 |
| (f) | TDS deducted by bank on FDR"s but not taken in cash book | ---- | (-) 41,190.00 |
| (g) | Balance as per pass book | ---- | 4,22,45,942.00 |

(i) जाँच में पाया गया कि वर्ष 2005 से पूर्व ₹40,889 का भुगतान किया गया था जिसकी प्रविष्टि बैंक में की गई थी लेकिन रोकड़ बही में इस भुगतान की प्रविष्टि नहीं की गई थी और न ही इस भुगतान से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत किए गए थे। अतः इस भुगतान की पूर्ण जाँच पड़ताल करके इसकी प्रविष्टियाँ रोकड़ बही में करनी सुनिश्चित की जाए अथवा इस राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके अपेक्षित राशि सम्बन्धित खाते में जमा करने के पश्चात अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

(ii) जाँच में पाया गया कि नगर परिषद द्वारा Allahabad Bank में दो FDR में जमा राशि जिनकी Maturity दिनांक 31.3.2016 को थी बैंक द्वारा Maturity Value जो FDR में दर्शाई गई थी उसमें से TDS काट कर निम्न विवरण अनुसार किया गया।

| Sr. No. | FDR No. | Maturity Value | TDS Deducted | Net Amount Paid |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 50193117335 | 17,53,714.00 | 29,089.00 | 17,24,625.00 |
| 2. | 50193126429 | 7,29,497.00 | 12,101.00 | 7,17,396.00 |

इस प्रकार इलाहबाद बैंक पालमपुर ब्रांच द्वारा कुल ₹41,190 टी0डी0एस0 के रूप में काटी गई है। अतः सुझाव दिया जाता है कि बैंक प्रबन्धन द्वारा काटे गए टी0डी0एस0 की राशि को वापिस लेने हेतु मामला उठाया जाए और अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(घ) एस0जे0एस0आर0वाई0**

| क्रम संख्या | 2014—15 | 2015—16 |
|---|---|---|
| अथशेष | 3,26,491.12 | 1,93,698.30 |
| पावतियाँ | —— | —— |
| ब्याज | 20,857.18 | 1,949.00 |
| **कुल योग** | **3,47,348.30** | **1,95,647.30** |
| व्यय (निकासी) | 1,53,650.00 | —— |
| **अन्तशेष** | **1,93,698.30** | **1,95,647.30** |

**अन्तशेष का विवरण**

| Sr.No. | Name of Bank | A/c Number | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | State Bank of Patiala Palampur | 9026681 | 20,781.55 |
| 2. | Punjab National Bank Palampur | 0375000108706655 | 1,74,865.75 |
| | | **Total** | **1,95,647.30** |

**नोटः—** नगर परिषद द्वारा दिनांक 25.2.2015 को एस0जे0एस0आर0वाई0 खाते से ₹1,53,650 निकालकर खाता संख्याः 55059019992 में जमा करवाई गई है जिसके कारण स्पष्ट किए जाएं।

**(ङ) Town and Country Planning**

| क्रम संख्या | 2014—15 | 2015—16 |
|---|---|---|
| अथशेष | 1,73,068.28 | 1,76,501.28 |
| पावतियाँ | —— | —— |
| ब्याज | 3,433.00 | —— |
| **कुल योग** | **1,76,501.28** | **1,76,501.28** |
| व्यय | —— | —— |
| **अन्तशेष** | **1,76,501.28** | **1,76,501.28** |

**अन्तशेष का विवरण**

| Name of Bank | A/c Number | Amount |
|---|---|---|
| State Bank of Patiala Palampur | 55059020770 | 1,76,501.28 |

जांच में पाया गया कि माह 6/2015 के बाद उपरोक्त खाते बैंक से सम्बन्धित पास बुक को ब्याज के इन्द्राज हेतु बैंक में प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही रोकड़बही में इसका कोई विवरण दिया गया है। अतः सुझाव दिया जाता है कि या तो इस राशि को सावधि जमा में डाला जाए और अधिक ब्याज अर्जित किया जाए अन्यथा जिस प्रयोजन हेतु यह राशि प्राप्त की गई थी उस प्रयोजन हेतु इसे खर्च किया जाए तथा अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाए।

**(च) जिलाधीश सहायता अनुदान खाता**

दिनांक 31.3.2014 को इस खाते के अन्तशेष की ₹1874.27 को किसी भी उद्देश्य हेतु व्यय नही किया गया और न ही इस खाते में कोई लेन देन किया गया है। इस प्रकार गत 2 वर्षों में इस खाते में सिर्फ ब्याज के रूप में ₹153 प्राप्त हुए हैं अतः दिनांक 31.3.2016 को इस खाते का अन्तशेष ₹2027.27 है। यह राशि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (ए0डी0बी0) बैंक के खाता संख्याः 11358904532 में जमा है। अतः इस राशि को सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करके उचित प्रयोजन हेतु व्यय किया जाए।

## 5 अनुदान

**(क)** अंकेक्षण अवधि 4/2014 से 3/2016 के दौरान अनुदान के रूप में प्राप्त राशियों तथा उसमें से व्यय की गई राशियों का विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तारपूर्वक विवरण संलग्न **परिशिष्ट–''ख(1)'' से ''ख(3)''** में भी दिया गया है।

| | |
|---|---|
| **वर्ष 2014–2015** | |
| प्रारम्भिक शेष | 62,14,400.00 |
| आय | 1,04,26,871.00 |
| **कुल राशि** | **1,66,41,271.00** |
| व्यय | 1,43,71,443.00 |
| **अन्तिम शेष** | **22,69,828.00** |
| **वर्ष 2015–2016** | |
| प्रारम्भिक शेष | 22,69,828.00 |
| आय | 2,55,10,255.00 |
| **कुल राशि** | **2,77,80,083.00** |
| व्यय | 1,11,34,605.00 |
| **अन्तिम शेष** | 1,66,45,478.00 |

**(ख)** उपरोक्त वर्णित वर्ष 2015–16 में प्राप्त अनुदान की ₹2,55,10,255/– के अतिरिक्त नगर परिषद पालमपुर द्वारा निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय से प्राप्त अनुदान की ₹10929000/– को मुख्य अधिकारी अभियन्ता, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग शिमला को सीधे ही हस्तांतरित कर दिया गया है। अतः इस राशि का उल्लेख उक्त विवरण में नहीं किया गया है।

**(ग)** गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्याः 5 अनुसार दिनांक 31.3.2014 को अनुदान की ₹62,14,400 अनुप्युक्त थी, जिसे उपरोक्त विवरणानुसार प्रारम्भिक शेष के रूप में दर्शाया गया तथा जिसका पूर्ण विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट–"ख(1)"** पर दिया गया है। उक्त परिशिष्ट के अवलोकन पर पाया गया कि वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान उक्त लम्बित पडी राशि में से वर्ष 2014–2015 में ₹39,44,572 तथा वर्ष 2015–2016 में ₹14,24,350 अर्थात कुल ₹53,68,922 व्यय की गई जिसमें गत वर्षों की अनुप्युक्त राशि भी शामिल है, परन्तु इस राशि को व्यय करने से पूर्व सक्षम अधिकारी की कार्योतर स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई थी। क्योंकि नियमानुसार अनुदान की राशि जिस वित्तीय वर्ष में दी जाती है उसे उसी वित्तीय वर्ष में व्यय किया जाना अपेक्षित था, अतः इस व्यय को सक्षम अधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके नियमित करवाया जाए व उपयोगिता प्रमाणपत्र सम्बन्धित विभागों को जारी किये जाएं।

## 6 गृहकर

### (क) गृहकर की ₹47.04 का वसूली हेतु शेष पाया जाना

नगर परिषद पालमपुर द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.3.2016 तक गृहकर के रूप में ₹47,03,682 वसूली हेतु शेष पड़ी है। इसके अतिरिक्त जाँच में यह भी पाया गया कि नगर परिषद द्वारा गृहकर की वसूली केवल 8.5% की दर से की जा रही है, जबकि माह नवम्बर 2003 में निदेशक शहरी विकास द्वारा प्रत्येक शहरी निकाऐं को निर्देश दिए थे कि दूसरे वित्त निगम ($2^{nd}$ State Finance Commission) के दिशा निर्देश की अनुपालना में वर्ष 2002–03 से गृहकर की दरों में प्रति वर्ष 1% की वृद्धि की जाए ताकि वर्ष 2006–2007 तक यह दर 12.5% हो जाएं। इस प्रकार निदेशक, शहरी विकास विभाग के पत्र संख्याः UD-H(c)(10)-7/98-11, दिनांक 17.11.2003 के अनुसार वर्ष 2007–08 में गृहकर की मांग 12.5% की दर से की जानी अपेक्षित थी, परन्तु नगर परिषद द्वारा उक्त निर्देशों की अनुपालना न करते हुए केवल 8.5% की दर से गृह कर की वसूली की जा रही है, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए। इस सन्दर्भ में गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में भी आपत्ति उठाई गई थी, परन्तु नगर परिषद द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। अतः यह मामला निदेशक, शहरी विकास विभाग के ध्यान में आगामी कार्यवाही हेतु लाया जाता है तथा नगर परिषद को परामर्श दिया जाता है कि गृहकर की वसूली की दर को अविलम्ब बढ़ाया जाए तथा उपरोक्त वार्णित वसूली योगय राशि की वसूली करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(ख)** गृहकर के मांग एवं संग्रह रजिस्टर की जाँच में पाया गया कि गृहकर की वसूली योग्य कुल बकाया ₹47,03,682 में से निम्नलिखित छः लोगों व संस्थाओं से ही लगभग ₹10.00 लाख

रुपये वसूली हेतु शेष है, जिसकी वसूली हेतु विशेष प्रयास किए जाए ताकि इस बड़ी रकम की वसूली सुनिश्चित हो सके।

| Sr. No. | Name and Address of Department | Amount |
|---|---|---|
| 1. | Sh. Mukesh Sood C/o Amar Bharat Shore, ward No.1 Palampur | 1,47,531.00 |
| 2. | H.P.P.W.D Ward No.1 Palampur | 1,70,704.00 |
| 3. | Sh. Prem Chand S/o Sh. Nathu Ram Ward No. 2 Palampur | 1,88,405.00 |
| 4. | M/S Satish Kumar/Ashish Kumar Ward No. 3 Palampur | 1,68,125.00 |
| 5. | Smt. Usha Devi W/o Surinder Singh Ward No. 5 Palampur | 1,71,570.00 |
| 6. | (i) Sh. Om Parkash C/o Bata Shoe Store W.No. 7 (33,454)<br>(ii) Smt. Savitri Devi w/o Late Sh. Om Parkash w.no.7 (92,200) | 1,25,654.00 |
| | **Total** | **9,71,989.00** |

**(ग)** इसके अतिरिक्त अभिलेख की जाँच पर पाया गया कि हिमाचल पथ परिवहन निगम व्यवसायिक परिसर के दुकानदारों (जिन्होंने दुकाने Lease hold basis पर ले रखी हैं) से भी गृहकर की बकाया ₹8,55,582 की वसूली करनी शेष है परन्तु कोई भी दुकानदार गृहकर की राशि का भुगतान नहीं कर रहा है। प्रकरण में जाँच पर पाया गया कि यह दुकानदार जिनकी संख्याः 60 है गृहकर का भुगतान इसलिए नही कर रहे हैं कि हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम प्रबन्धन प्रतिमाह ₹100 इन दुकानदारों से सफाई के एवज़ में वसूल कर रही है, जबकि वहां पर सफाई नगर परिषद पालमपुर द्वारा की जा रही है। अतः सुझाव दिया जाता है कि यह मामला पथ परिवहन निगम प्रबन्धन के साथ उठाया जाए और साफ सफाई के एवज़ में जो भी वसूली पथ परिवहन निगम प्रबन्धन द्वारा की जा रही है उस पर आपत्ति दर्ज करवाई जाए ताकि दुकानदारों से गृहकर की वसूली की जा सके।

**(घ)** इसके अतिरिक्त यह भी स्पष्ट किया जाए कि उपरोक्त वर्णित उप पैरों में दुकानदारों तथा अन्य व्यवसायिक संस्थओं/कार्यालयों इत्यादि से किराये के रूप में वसूली योग्य राशि को गृहकर की परिभाषा में कैसे डाला गया है।

## 7 नगर परिषद की सम्पतियों से बकाया मासिक किराये की ₹49.87 लाख की लम्बित वसूली के बारे में

किराया मांग एवं संग्रह रजिस्टर की जाँच पर पाया गया कि पालमपुर नगर परिषद क्षेत्र में 264 सम्पतियां किराये पर दी गई हैं जिनसे मासिक दर पर किराये की आय नगर परिषद को प्राप्त होती है। दिनांक 31.3.2016 को नगर परिषद के खातों में किराये की ₹49,87,368 वसूली हेतु शेष थी। यद्यपि वर्ष 2014–15 में नगर परिषद के विशेष प्रयासों द्वारा ₹32,35,053 की वसूली की गई, परन्तु वर्ष 2015–16 में किराया की वसूली में फिर कमी आई और कुल ₹22,08,424 की

ही वसूली की जा सकी, जोकि एक चिन्ता का विषय है। उक्त प्रकरण की जाँच में पाया गया कि निम्नलिखित आठ किरायेदारों से ही लाखों रुपये की किराये की वसूली की जानी शेष है।

| Sr.No. | Name and address of tenant | Outstanding rent amount |
|---|---|---|
| 1. | Sh. Prakram Singh, Shop No. 8 old Subzi Mandi, Palampur | 1,03,200.00 |
| 2. | Sh. Y.R. Bakshi, Shop No. 38, S.C. Palampur | 1,02,365.00 |
| 3. | Sh. Banwari Lal, Shop No. 6, S.Complex | 1,27,704.00 |
| 4. | Sh. Karan Sharma, Shop No. 3 old bus stand | 1,19,417.00 |
| 5. | Sh. Dinesh Awasthi, Shop No. 4 Tehsil road complex | 2,12,682.00 |
| 6. | Sh. Sanjiv Jamwal, Shop No. 3 Tehsil Complex | 2,69,661.00 |
| 7. | Smt. Deeksha, Shop No. 8 Tehsil complex | 1,46,958.00 |
| 8. | Sh. Adarsh Rana shop no. 17 IDSMT Shoping complex | 1,63,548.00 |

अतः सुझाव दिया जाता है कि इन दुकानदारों के खिलाफ किराया की वसूली हेतु विशेष कार्यवाही अमल में लाई जाए और अन्य सम्पत्तियों से सम्बन्धित लम्बित किराये की अतिशीघ्र वसूली सुनिश्चित की जाए।

## 8 जल प्रभार की ₹6.25 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना

नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.3.2016 को जल प्रभार के रूप में शहर वासियों से ₹6,25,264 की वसूली करनी शेष थी। क्योंकि पालमपुर शहर में पानी की आपूर्ति का जिम्मा नगर परिषद का है और पानी आपूर्ति पर नगर परिषद को बहुत खर्चा भी करना पड़ रहा है, अतः इतनी अधिक राशि का वसूली हेतु शेष रहना एक चिन्ता का विषय है जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

## 9 तह बाजारी से प्राप्त आय की ₹480 को परिषद खाते में जमा न करने बारे

अभिलेख की जाँच में पाया गया कि दिनांक 27.8.2014 को रसीद संख्याः 189–200/187 के अन्तर्गत तहबाजारी की ₹480 को मुख्य रोकड़ बही में जमा नहीं करवाया गया है। अतः इस मामले की जाँच कृत करके चूककर्ता से ₹480 की वसूली की जाए और इसे रोकड़बही में जमा करवाया जाए तथा अनुपालना इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 10 नगर परिषद के कर्मचारियों को संशोधित उच्च वेतनमान के अन्तर्गत (4:9:14 वर्ष सेवाकाल के उपरान्त) ₹1.52 लाख का अधिक/अनुचित भुगतान करने बारे

**(वाऊचर संख्याः 18, दिनांक 27.7.2015, ₹4,26,455)**

नगर परिषद पालमपुर द्वारा निदेशक शहरी विभाग (हि0प्र0) के पत्र संख्याः UD-H(B)(7)-11/87-V-141-190, दिनांक 1.4.2015 के अन्तर्गत दिए गए निर्देश के प्रस्ताव संख्या 732 दिनांक 17.7.2015 द्वारा नगर परिषद के कर्मचारियों हेतु लागू किया गया जिसके अन्तर्गत

संशोधित उच्च वेतनमान 4:9:14 वर्षों का कार्यकाल पूरा करने पर हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा लाभ प्रदान किया गया था। नगर परिषद के सम्बन्धित कर्मचारियों की सेवा पंजिकाओं की जांच करने पर पाया गया कि निम्नलिखत कर्मचारियों का वेतन गलत तरीक से निर्धारित किया गया था, जिसके फलस्वरूप उनके ₹1,52,030 का अधिक भुगतान किया गया है। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

**(क) श्री सुरेश कुमार, लिपिक**

| Period | Due<br>B.P + G.P | Drawn<br>BP+GP | Diff | DA | Total | Month | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1-12-12 to 31-12-12 | 13500 | 13910 | 410 + | 295 | 705 | X 1 | 705 |
| 1/13 to 6/13 | 13500 | 13910 | 410 + | 328 | 738 | X 6 | 4428 |
| 7/13 to 9/13 | 13500 | 13910 | 410 + | 369 | 779 | X 3 | 2337 |
| 12/13 | 13910 | 14330 | 420+ | 378 | 798 | X 1 | 798 |
| 1/14 to 6/14 | 13910 | 14330 | 420+ | 420 | 840 | X 6 | 5040 |
| 7/14 to 9/14 | 13910 | 14330 | 420+ | 449 | 869 | X 3 | 2607 |
| 12/14 | 14330 | 14760 | 430+ | 460 | 890 | X 1 | 890 |
| 1/15 to 6/15 | 14330 | 14760 | 430+ | 486 | 916 | X 6 | 5496 |
| 7/15 to 9/15 | 14330 | 14760 | 430+ | 512 | 942 | X 3 | 2226 |
| 12/2015 | 14760 | 15210 | 450+ | 536 | 986 | X 1 | 986 |
| 1/16 to 4/16 | 14760 | 15210 | 450+ | 536 | 986 | X 4 | 3944 |
| | | | | | | **Total** | **29,457** |

**(ख) श्रीमती रजनी सूद, लिपिक**

| Period | Due<br>B.P + G.P | Drawn<br>BP+GP | Diff | DA | Total | Month | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9-8-12 to 30-9-12 | 13010 | 13390 | 380+ | 274 | 654 | X 23/31 days | 485 |
| 10/12 to 11/12 | 13810 | 14190 | 380+ | 274 | 654 | X 2 | 1308 |
| 12/2012 | 14230 | 14620 | 390+ | 281 | 671 | X 1 | 671 |
| 1/13 to 6/13 | 14230 | 14620 | 390+ | 312 | 702 | X 6 | 4212 |
| 7/13 to 11/13 | 14230 | 14620 | 390+ | 351 | 741 | X 5 | 3705 |
| 12/2013 | 14660 | 15060 | 400+ | 360 | 760 | X 1 | 760 |
| 1/14 to 6/14 | 14660 | 15060 | 400+ | 400 | 800 | X 6 | 4800 |
| 7/14 to 11/14 | 14660 | 15060 | 400+ | 428 | 828 | X 5 | 4140 |
| 12/2014 | 15100 | 15520 | 420+ | 449 | 869 | X1 | 869 |
| 1/15 to 6/15 | 15100 | 15520 | 420+ | 475 | 895 | X6 | 5370 |
| 7/15 to 11/15 | 15100 | 15520 | 420+ | 500 | 920 | X5 | 4600 |
| 12/2015 | 15560 | 15990 | 430+ | 512 | 942 | X1 | 942 |
| 1/16 to 4/16 | 15560 | 15990 | 430+ | 512 | 942 | X4 | 3768 |
| | | | | | | **Total** | **35,630** |

**(ग) श्री अजय कुमार, बेलदार**

| Period | Due B.P + G.P | Drawn BP+GP | Diff | DA | Total | Month | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9-8-12 to 30-8-12 | 9430 | 9720 | 290+ | 209 | 499 | X 23/31 days | 370 |
| 9/12 to 12/12 | 9720 | 10020 | 300+ | 216 | 516 | X 4 | 2064 |
| 1/13 to 6/13 | 9720 | 10020 | 300+ | 240 | 540 | X 6 | 3240 |
| 7/13 to 8/13 | 9720 | 10020 | 300+ | 270 | 570 | X 2 | 1140 |
| 9/13 to 12/13 | 10020 | 10330 | 310+ | 279 | 589 | X 4 | 2356 |
| 1/14 to 6/14 | 10020 | 10330 | 310+ | 310 | 620 | X 6 | 3720 |
| 7/14 to 8/14 | 10020 | 10330 | 310+ | 332 | 642 | X 2 | 1284 |
| 9/14 to 12/14 | 10880 | 11210 | 330+ | 353 | 683 | X 4 | 2732 |
| 1/15 to 6/15 | 10880 | 11210 | 330+ | 373 | 703 | X 6 | 4218 |
| 7/15 to 8/15 | 10880 | 11210 | 330+ | 393 | 723 | X 2 | 1446 |
| 9/15 to 12/15 | 11210 | 11550 | 340+ | 405 | 745 | X 4 | 2980 |
| 1/16 to 4/16 | 11210 | 11550 | 340+ | 405 | 745 | X 4 | 2980 |
| | | | | | | **Total** | **28,530** |

**(घ) श्री गोबिन्द राम, चालक**

| Period | DVE B.P + G.P | Drawn BP+GP | Diff | DA | Total | Month | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9-8-12 to 31-8-12 | 9570 | 9590 | 20+ | 14 | 34 | X 23/31 days | 25 |
| 9/12 | 9860 | 9890 | 30+ | 22 | 52 | X 1 | 52 |
| 10/12 to 12/12 | 10260 | 10290 | 30+ | 22 | 52 | X 3 | 156 |
| 1/13 to 6/13 | 10260 | 10290 | 30+ | 24 | 54 | X 6 | 324 |
| 7/13 to 8/13 | 10260 | 10290 | 30+ | 27 | 57 | X 2 | 114 |
| 9/13 to 12/13 | 10570 | 10600 | 30+ | 27 | 57 | X 4 | 228 |
| 1/14 to 6/14 | 10570 | 10600 | 30+ | 30 | 60 | X 6 | 360 |
| 7/14 to 8/14 | 10570 | 10600 | 30+ | 32 | 62 | X 2 | 124 |
| 9/14 to 12/14 | 10890 | 10920 | 30+ | 32 | 62 | X 4 | 248 |
| 1/15 to 6/15 | 10890 | 10920 | 30+ | 34 | 64 | X 6 | 384 |
| 7/15 to 8/15 | 10890 | 10920 | 30+ | 36 | 66 | X 2 | 132 |
| 9/15 to 12/15 | 11220 | 11250 | 30+ | 36 | 66 | X 4 | 264 |
| 1/16 to 4/16 | 11220 | 11250 | 30+ | 36 | 66 | X 4 | 264 |
| | | | | | | **Total** | **2,675** |

**(ङ) श्री त्रिलोक चन्द, कनिष्ठ अभियन्ता**

नगर परिषद पालमपुर द्वारा श्री त्रिलोक चन्द, कनिष्ठ अभियन्ता को 4 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने पर दिनांक 24.7.2011 से उच्चवेतनमान 4—9—14 के अन्तर्गत एक वेतन वृद्धि का लाभ प्रदान किया गया है जोकि गलत है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कनिष्ठ अभियन्ता श्रेणी के लिए अधिसूचना संख्याः Fin(PR)-B(7)-59/2010, दिनांक 27.9.2012 द्वारा 10 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने के उपरान्त ही उच्च वेतन मान दिया गया है। अतः गलत वेतन निर्धारण के

फलस्वरूप उक्त कर्मचारी का माह 4/2016 तक ₹55,738 का अधिक भुगतान किया गया, जिसका पूर्ण विवरण निम्न प्रकार से है।

| Period | DVE B.P + G.P | Drawn BP+GP | Diff | DA | Total | Month | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9-8-12 to 30-9-12 | 16930 | 18470 | 1540+ | 1108 | 2648 | X 1-23/31 days | 4613 |
| 10/12 to 12/12 | 17930 | 18470 | 540+ | 389 | 929 | X 3 | 2787 |
| 1/13 to 6/13 | 17930 | 18470 | 540+ | 432 | 972 | X 6 | 5832 |
| 7/13 to 12/13 | 18440 | 19030 | 590+ | 531 | 1121 | X 6 | 6726 |
| 1/14 to 6/14 | 18440 | 19030 | 590+ | 590 | 1180 | X 6 | 7080 |
| 7/14 to 12/14 | 19000 | 19600 | 600+ | 642 | 1242 | X 6 | 7452 |
| 1/15 to 6/15 | 19000 | 19600 | 600+ | 678 | 1278 | X 6 | 7668 |
| 7/15 to 12/15 | 19570 | 20190 | 620+ | 738 | 1358 | X 6 | 8148 |
| 1/16 to 4/16 | 19570 | 20190 | 4620+ | 738 | 1358 | X 4 | 5432 |
| | | | | | | **Total** | **55,738** |

## 11 नगर परिषद के सेवानिवृत कर्मचारियों/पैन्शनरों को सम्भावित ₹2.77 लाख का अधिक भुगतान करने बारे

पैन्शन भुगतान से सम्बन्धित माह 5/2015 के बिल/वाऊचरों की जाँच पर पाया गया कि निम्नलिखित पैन्शनरों को मासिक पैन्शन का भुगतान गलत दर से किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप माह अप्रैल, 2016 तक इन कर्मचारियों को कुल ₹2,77,302 का अधिक भुगतान किया जा चुका है, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

### (क) श्री जगन नाथ (फिटर कुली) को ₹1.17 लाख अधिक भुगतान करना

श्री जगन नाथ, नगर परिषद पालमपुर से दिनांक 30.7.2008 को सेवा निवृत हुए। निदेशक, शहरी विकास शिमला के पत्र संख्याः UD-H(B)(10)-894/08-13345, दिनांक 21.10.2008 द्वारा उनके पक्ष में पी0पी0ओ0 जारी किया गया। पी0पी0ओ0 के अवलोकन पर पाया गया कि श्री जगन नाथ द्वारा अपनी पैन्शन को commute करवाया था और विभाग द्वारा उनकी Full Pension (Revised) ₹5680 प्रतिमाह निर्धारित की थी, जिसमें ₹1346 commute करने के उपरान्त शेष पैंशन की ₹4334 का भुगतान प्रतिमाह किया जाना था। Commutation Payment order dated 21-10-2008 की शर्त नम्बर 2 इस प्रकार थी। "Reduced Pension @ Rs. 4334/- P.M. may be paid to Sh. Jagan Nath from the date of receipt of commuted value of Pension by the pensioner or three months after the issue of authority whichever is earlier".। श्री जगन नाथ के पक्ष में commuted value of Pension की ₹1,58,452 का भुगतान स्वीकृत हुआ था। अभिलेख की जांच पड़ताल पर पाया गया कि नगर परिषद पालमपुर द्वारा श्री

जगन नाथ को पैन्शन का भुगतान ₹5680 प्रतिमाह के हिसाब से किया जा रहा है, जबकि यह भुगतान ₹4334 प्रतिमाह के हिसाब से किया जाना अपेक्षित था। इस प्रकार उनको प्रतिमाह ₹1346 का अधिक भुगतान किया गया है तथा दिनांक 31.4.2016 तक उनके पक्ष में कुल (₹1346x87month=₹117102) का अधिक भुगतान बनता है। जब यह मामला नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी से उठाया गया तो उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा आज तक श्री जगन नाथ को Commutation value का भुगतान नहीं किया गया है, इसलिए पैन्शन का भुगतान full rate पर किया जा रहा है अगर ऐसा है तो सुझाव दिया जाता है कि P.P.O निदेशक, शहरी विकास विभाग शिमला से पुनः संशोधित करवाया जाए और अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ख) श्री राम लुभाया को ₹1.60 लाख का अधिक भुगतान**

श्री राम लुभाया, सफाई कर्मचारी नगर परिषद पालमपुर से दिनांक 30.4.2010 को सेवा निवृत हुए। निदेशक, शहरी विकास विभाग, शिमला के पत्र संख्याः UD-H(B)(10)-1074/10-1570, दिनांक 28.1.2011 द्वारा उनके पक्ष में पी0पी0ओ/commutation Pension order जारी किया। इस पत्र की जांच पर पाया गया कि विभाग द्वारा पूरी पैन्शन ₹6675 प्रतिमाह निर्धारित की जिसमें ₹2670 commuted pension के उपरान्त उनके पक्ष में ₹4005 का भुगतान प्रतिमाह किया जाना स्वीकृत हुआ था। Commutation Payment order, dated 28-1-2011 की शर्त नम्बर 2 इस प्रकार थी, ''Reduced Pension @ ₹4005/ P.M. may be paid to Sh. Ram Lubhaya from the date of receipt of commuted value of Paension by the pensioner or Three mounth after the issue of authority whichever is earlier''। श्री राम लुभाया के पक्ष में commuted value of Pension की ₹2,62,536 का भुगतान स्वीकृत हुआ था। अभिलेख की जाँच पड़ताल पर पाया गया कि नगर परिषद पालमपुर द्वारा श्री राम लुभाया को पैन्शन का भुगतान ₹6675 प्रतिमाह के हिसाब से किया जा रहा है जबकि यह भुगतान ₹4005 प्रतिमाह के हिसाब से किया जाना अपेक्षित था। अतः इस प्रकार उनको प्रतिमाह ₹2670 के हिसाब से (₹2670x60month=₹160200) का अधिक भुगतान किया गया है। जब यह मामला कार्यकारी अधिकारी से उठाया गया तो उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा आजतक श्री राम लुभाया को commutation value की ₹2,62,536 का भुगतान नहीं किया गया है, इसलिए पैन्शन का भुगतान full rate पर किया जा रहा है। अगर ऐसा है तो सुझाव दिया जाता है कि पी0पी0ओ0 को निदेशक, शहरी विकास विभाग शिमला से पुनः संशोधित करवाया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

यह दोनों मामले वित्तीय चूक/अनियमितता के हैं। अतः इन्हें निदेशक, शहरी विकास विभाग शिमला के ध्यान में आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु लाए जाते हैं।

## 12 बहुमंजिला कार पार्किंग एवं वाणिज्य कम्पलैक्स के निर्माण में देरी के फलस्वरूप ₹36.54 लाख की आय की सम्भावित हानि का होना

नगर परिषद पालमपुर द्वारा पुरानी सब्जी मण्डी के स्थान पर एक बहुमंजिला कार पांर्किंग एवं वाणिज्य कम्पलैक्स के निर्माण का फैसला वर्ष 2010 में लिया गया और दिनांक 28.8.2010 को समाचार पत्रों के द्वारा ''Expression of interest (EOI) for development of Parking-cum-commercial complex at Palampur under Public Private Partnership (P.P.P)'' आमन्त्रित किए गए। यह प्रक्रिया माह फरवरी 2012 तक चलती रही और अन्ततः दिनांक 7.4.2012 को बोलियां प्राप्त हुई और मैं0 रहेजा सिटी सैंटर, पालमपुर(प्रा0) लिमिटिड द्वारा सबसे ज्यादा बोली लगाकर यह प्रोजैक्ट प्राप्त किया गया। यह सारी प्रक्रिया H.P. Infrastructure Development board Shimla द्वारा संचालित एवं पूर्ण की गई और दिनांक 18.7.2012 को M/S Raheja City Centre Palampur, RZG 156 B/2, Raj Nagar Part-II, Palam Colony New Delhi-45 के साथ Concession Agreement हस्ताक्षरित हुआ। H.P.I.D.B-45 के पत्र संख्याः HPIDB/Parking Complex Palampur 2011-12-307-310, दिनांक 10.5.2012 द्वारा कम्पनी को Notice of Award जारी किया गया, जिसमें मुख्य शर्ते निम्न प्रकार से थी :–

(i) Annual concession fee amount for the project shall be ₹18,27,000/P.A; which shall be increased @10/- % after every three year"s over the previous annual concession fee.

(ii) Project development fee of ₹6.00 lacs in favour of H.P.I.D.B. Shimla will be deposited within 3 weeks.

